# अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 8 सितंबर 2025
आश्विन कृष्ण प्रतिपदा
विक्रम संवत 2082

PAGE NO : 07 MIDDLE


## महिषासुर मर्दिनी का किया मंचन

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम कथक प्रस्तुति के रूप में शक्तिरूपेण संस्थिता का आयोजन हुआ। इसमें संस्थान के कथक गुरुओं और विद्यार्थियों की ओर से शक्ति रूपेण देवियों की आराधना का मंचन किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ कथक के विद्यार्थियों अवियना, न्यारा, गौर्वी, त्रिशिका, अवनी भसीन, ईशान्वी, अवनी अग्रवाल, अनिका समेत अन्य ने गणपति आराधना से किया। इसके बाद इन विद्यार्थियों ने भवानी दयानी, या चांदी, नमो देवी अनंता रूपिनी और ओम जयंती मंगला काली पर भी अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति देकर देवी की आराधना की।

कथक गुरु अंशु कुमार शर्मा ने जय जय जय जननी, कथक गुरु देवाज्योति नस्कर ने जय मा दुर्गे भवानी दयानी और कथक गुरु रियाश्री चटर्जी ने नारी अगिरी नंदिनी पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंतिम प्रस्तुति 'जय जय जय हे महिषासुर मर्दिनी' पर तीनों कथक गुरु एक साथ मंच पर आए।

इस दौरान चेयरमैन देव मूर्ति, सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, आशा मूर्ति, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद



प्रस्तुति देतीं कलाकार। स्रोत : संस्था